प्रकाशनार्थ

16 अप्रैल,2023 गोरखपुर।

गुरु श्री गोरखनाथ चिकित्सालय के उच्चीकृत ब्लड बैंक द्वारा दी पंजाबी समाज, धर्मशाला बाजार के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का अयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का आयोजन वैशाखी पर्व के अवसर पर गोपाल मंदिर, मोहद्दीपुर, गोरखपुर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पंजाबी समाज की ओर से श्री नवीन भल्ला, हेमलता सूरी, मनमोहन कोहली, अमित खोले, राहुल आनंद, अनुराग मदान, प्रदीप कुमार आनंद सहित 20 रक्तवीरों ने रक्तदान किया।

आज के रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को उत्साहवर्धन के लिए ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल ने आभासी रूप से जुड़ते हुए कहा कि दी पंजाबी समाज द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन करते रहना सामाजिक जागरूकता है। और रक्तदान महादान है को चरित्रार्थ किया है। डॉ अग्रवाल ने कहा की पहले लोग रक्तदान करने से भागते थे, पहले समाज में रक्तदान के प्रति बहुत कुरीति थी वहीं अब कुरीति की वर्जनाएं टूटी है और शिविर के माध्यम से रक्तदान किया जा रहा है।

उन्होके दी पंजाबी समाज के सभी पदाधिकारी एवं रक्तदाताओं को धन्यवाद देने के साथ ही उन्होंने ब्लड बैंक के तकनीकी कर्मचारी एवं सहायक कर्मचारियों को भी धन्यवाद दिया कि यह रक्तदान शिविर सकुशल संपन्न किया जा सका।